पंजाब केसरी
SAT,24 SEPTEMBER 2022
EDITION: FATEHABAD KESARI, PAGE NO. 4

महिला कालेज में छात्राओं को प्रेरित करते हुए तथा श्रमदान करती हुई छात्राएं। (झंडई)

महिला कॉलेज प्रांगण में चलाया गया स्वच्छता अभियान

रतिया, 23 सितम्बर (झंडई) : राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रतिया में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई ने प्रथम एक दिवसीय स्वछता शिविर का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रविन्द्र पुरी ने किया।

प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को पराली न जलाने के लिए जागरूकता अभियान को निष्ठा पूर्वक सफल बनाने के लिए शपथ दिलवाई।

उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों को पराली नहीं जलाने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पराली का धुंआ हमारे वातावरण व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। डॉ. सीमा ने पराली के सुव्यवस्थित ढंग से समाधान के बारे स्वयंसेविकाओं को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई प्रभारी प्रो. सीमा सिरोही ने एन.एस.एस. की नई स्वयंसे विकाओं का परिचय देते हुए कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य और महत्व बताया। द्वितीय इकाई प्रभारी प्रियंका मेहरा ने एनएसएस के आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत करवाया और हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के बारे में बताया।

स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण, पुस्तकालय भवन, कम्प्यूटर, भूगोल, भाषा प्रयोगशाला, कक्षा कक्ष आदि विभिन्न स्थानों की सफाई करके श्रमदान दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य डॉ. बलकार, डॉ. सैन कुमार, प्रो. बिन्दु और दोनों इकाईयों की स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं।